इंडियन बैंक Indian Bank
इलाहाबाद ALLAHABAD

# प्रेस विज्ञप्ति

22.01.2026

## 31 दिसंबर, 2025 को समाप्त तिमाही/नौ माह हेतु वित्तीय परिणाम

| | | | |
|---|---|---|---|
| बैंक का वैश्विक कारोबार 13.34% वर्ष-दर-वर्ष वृद्धि के साथ ₹14.30लाख करोड़ | 9 माह का निवल लाभ 13.69% की वर्ष-दर-वर्ष वृद्धि के साथ ₹9053 करोड़ | एनएनपीए 6 बीपीएस वर्ष-दर-वर्ष की गिरावट के साथ 0.15% | 9 माह का आस्तियों पर प्रतिलाभ 19.66% |

## प्रमुख विशेषताएं (दिसंबर 2024 के सापेक्ष दिसंबर 2025 को समाप्त तिमाही)

- **निवल लाभ** दिसंबर 2024 में **₹ 2852** करोड़ के सापेक्ष दिसंबर 2025 में **7.33%** वर्ष-दर-वर्ष वृद्धि के साथ **₹3061** करोड़ रहा।
- **परिचालन लाभ** दिसंबर 2024 में **₹4749** करोड़ के सापेक्ष दिसंबर 2025 में **5.79%** वर्ष-दर-वर्ष की वृद्धि के साथ **₹5024** करोड़ रहा।
- **निवल ब्याज आय** दिसंबर 2024 में **₹6415** करोड़ के सापेक्ष दिसंबर 2025 में **7.50%** वर्ष-दर-वर्ष की वृद्धि के साथ **₹6896** करोड़ रही।
- **शुल्क आधारित आय** दिसंबर 2024 में ₹931 करोड़ के सापेक्ष दिसंबर 2025 में **7.20%** वर्ष-दर-वर्ष की वृद्धि के साथ **₹998** करोड़ रहा।
- **जमा पर लागत** दिसंबर 2024 में **5.18%** के सापेक्ष दिसंबर 2025 में **25 बीपीएस** घटकर **4.93%** रहा।
- दिसंबर 2025 में **इक्विटी पर प्रतिलाभ (RoE) 19.11%** रहा।
- दिसंबर 2025 में **आस्तियों पर प्रतिलाभ (RoA) 1.30%** रहा।
- दिसंबर'25 में **अग्रिमों पर प्रतिफल (YoA) 8.31%** रहा।
- दिसंबर 2025 में **निवेश पर प्रतिलाभ (YoI) 6.95%** रहा।
- दिसंबर 2025 में **लागत आय अनुपात 46.90%** रहा।
- **सकल अग्रिम** दिसंबर 2024 में **₹559199** करोड़ के सापेक्ष दिसंबर 2025 में **14.24%** वर्ष-दर-वर्ष की वृद्धि के साथ **₹638848** करोड़ रहा।
- **रैम** (खुदरा, कृषि एवं एमएसएमई) अग्रिम दिसंबर 2024 में **₹334739** करोड़ के सापेक्ष दिसंबर 2025 में **16.65%** वर्ष-दर-वर्ष की वृद्धि के साथ **₹390459** करोड़ हो गया।
- सकल देशी अग्रिमों में **रैम (RAM)** का योगदान **66.06%** रहा। **खुदरा, कृषि एवं एमएसएमई** अग्रिम में वर्ष-दर-वर्ष क्रमशः **18.54%, 15.14%** एवं **16.41%** की वृद्धि हुई। दिसंबर 25 में **आवास ऋण (बंधक सहित)** में **14.20%** वर्ष-दर-वर्ष की वृद्धि हुई।
- **प्राथमिकता प्राप्त क्षेत्र अग्रिम 40%** की विनियामक अपेक्षाओं के सापेक्ष दिसंबर' 25 में एएनबीसी के प्रतिशत के रूप में **43.75% (₹215127 करोड़)** रहा।

- **कुल जमाराशि** दिसंबर 2024 में **₹702282** करोड़ के सापेक्ष दिसंबर 2025 में **12.62%** वर्ष-दर-वर्ष की वृद्धि के साथ **₹790923** करोड़ हो गई। चालू, बचत एवं कासा जमाराशि में वर्ष-दर-वर्ष क्रमशः **19.13%, 8.45%** एवं **9.86%** की वृद्धि हुई।
- **देशी कासा (CASA) अनुपात** यथास्थिति 31 दिसंबर 2025 को **39.08%** रहा।
- **सीडी अनुपात** यथास्थिति 31 दिसंबर 2025 को **80.77%** रहा।
- **सकल अनर्जक आस्तियां** दिसंबर 2024 में **3.26%** के सापेक्ष **103 बीपीएस** वर्ष-दर-वर्ष घटकर दिसंबर 2025 में **2.23%** हो गईं, **एनएनपीए** दिसंबर 2024 में **0.21%** के सापेक्ष **6 बीपीएस** घटकर दिसंबर 2025 में **0.15%** हो गईं।
- **प्रावधान कवरेज अनुपात** (**पीसीआर, टीडब्ल्यूओ सहित**) दिसंबर 2024 में **98.09%** के सापेक्ष **19 बीपीएस** वर्ष-दर-वर्ष वृद्धि के साथ दिसंबर 2025 में **98.28%** हो गई।
- **स्लिपेज अनुपात** दिसंबर 2024 में **0.78%** के सापेक्ष में दिसंबर 2025 में **9 बीपीएस** घटकर **0.69%** हो गई।
- **पूंजी पर्याप्तता अनुपात 66 बीपीएस** की वृद्धि के साथ **16.58%** रहा। दिसंबर 2025 में सीईटी-I **127 बीपीएस** वर्ष-दर-वर्ष वृद्धि के साथ **14.54%**, **टियर I पूंजी 77 बीपीएस** वर्ष-दर-वर्ष वृद्धि के साथ **14.54%** रहा।
- **प्रति शेयर आय (EPS)** दिसंबर 2024 में **₹84.70** के सापेक्ष दिसंबर 2025 में बढ़कर **₹90.92** हो गई।

## प्रमुख विशेषताएं (सितंबर 2025 के सापेक्ष दिसंबर 2025 को समाप्त तिमाही)

- **निवल लाभ** सितंबर 2025 में **₹3018** करोड़ के सापेक्ष दिसंबर 2025 में तिमाही-दर-तिमाही **1.42%** बढ़कर **₹3061** करोड़ हो गया।
- **निवल ब्याज मार्जिन (देशी)** सितंबर 2025 के **3.34%** के सापेक्ष दिसंबर 2025 में **6 बीपीएस** बढ़कर **3.40%** हो गया।
- **सकल अनर्जक आस्तियां** सितंबर 2025 में **2.60%** के सापेक्ष **37 बीपीएस** की कमी के साथ दिसंबर 2025 में **2.23%** हो गईं, **एनएनपीए** सितंबर 2025 में **0.16%** से घटकर दिसंबर 2025 में **1 बीपीएस** कमी के साथ **0.15%** हो गईं।
- **स्लिपेज अनुपात** सितंबर 2025 में **0.79%** के सापेक्ष घटकर दिसम्बर 2025 में **0.69%** हो गया।
- **क्रेडिट लागत** सितम्बर 2025 में **0.26%** के सापेक्ष **5 बीपीएस** घटकर दिसम्बर 2025 में **0.21%** हो गया।

## प्रमुख विशेषताएं ( सितम्बर 2024 के सापेक्ष दिसंबर 2025 को समाप्त छमाही)

- **निवल लाभ** वित्त वर्ष 25 के नौ माह में **₹7962** करोड़ के सापेक्ष वित्त वर्ष 26 के नौ माह में वर्ष-दर-वर्ष वृद्धि **13.69%** के साथ **₹9053** करोड़ रहा।
- **परिचालन लाभ** वित्त वर्ष 25 के नौ माह के **₹13980** करोड़ के सापेक्ष वित्त वर्ष 26 के नौ माह में **4.66%** वर्ष-दर-वर्ष वृद्धि के साथ **₹14630** करोड़ रहा।
- **निवल ब्याज आय** वित्त वर्ष 25 के नौ माह के **₹18787** करोड़ के सापेक्ष वित्त वर्ष 26 के नौ माह में **5.42%** वर्ष-दर-वर्ष वृद्धि के साथ **₹19805** करोड़ रहा।
- **निवल ब्याज मार्जिन (NIM) देशी** वित्त वर्ष 26 के नौ माह में **3.37%** रहा।
- **जमा पर लागत** वित्त वर्ष 25 के नौ माह के **5.12%** के सापेक्ष वित्त वर्ष 26 के नौ माह में **10 बीपीएस** घटकर **5.02%** रहा।
- **आस्तियों पर प्रतिलाभ (RoA)** वित्त वर्ष 25 के नौ माह के **1.31%** के सापेक्ष वित्त वर्ष 26 के नौ माह में **1 बीपीएस** वृद्धि के साथ **1.32%** रहा।
- **इक्विटी पर प्रतिलाभ (RoE)** वित्त वर्ष 26 के नौ माह में **19.66%** रहा।
- **लागत आय अनुपात** वित्त वर्ष 2026 के नौ माह में **46.40%** रहा।

### नेटवर्क

- बैंक की **5965** देशी शाखाएं (**3** डीबीयू सहित) हैं जिनमें से **2001** ग्रामीण, **1592** अर्ध-शहरी, **1191** शहरी एवं **1181** महानगरीय शाखाएं हैं। बैंक की **3** विदेशी शाखाएं एवं **1** आईबीयू (गिफ्ट सिटी शाखा) है।
- बैंक के **5624** एटीएम एवं बीएनए और **16,247** बैंक मित्र (बीसी) हैं।

### डिजिटल बैंकिंग

- डिजिटल चैनलों के माध्यम से वित्त वर्ष 26 के नौ माह में **₹1,98,350** करोड़ का कारोबार हुआ। अब तक कुल **147** डिजिटल जर्नी, उपयोगिताओं एवं प्रक्रियाओं को शुभारंभ किया गया है।
- मोबाइल बैंकिंग उपयोगकर्ताओं की संख्या वर्ष दर वर्ष **21%** बढ़कर **2.25** करोड़ हो गई है।
- यूपीआई उपयोगकर्ता एवं नेट बैंकिंग उपयोगकर्ताओं की संख्या वर्ष-दर-वर्ष आधार पर **21%** और **5%** की वृद्धि के साथ क्रमशः **2.52** करोड़ और **1.18** करोड़ तक पहुँच गई है। डेबिट कार्ड और पीओएस दोनों के उपयोगकर्ताओं की संख्या में क्रमशः **7% और 15%** की वृद्धि हुई है।

### पुरस्कार एवं प्रशस्तियां:

- बैंक को **"आईबी साथी"** के लिए प्रतिष्ठित स्कॉच गोल्डन अवार्ड और **"सिक्योरिटी ऑपरेशंस"** के लिए सिल्वर अवार्ड से सम्मानित किया गया।

- बैंक के एमडी एवं सीईओ को तमिलनाडु बिजनेस लीडर ऑफ द ईयर, इंडस्ट्री-वाइज़ अवार्ड 2025 में **"सीईओ ऑफ द ईयर"** के पुरस्कार से सम्मानित किया गया।
- बैंक को आईबीए के 21वें वार्षिक बैंकिंग प्रौद्योगिकी सम्मेलन 2024-25 में **सर्वश्रेष्ठ आईटी जोखिम प्रबंधन एवं सर्वश्रेष्ठ प्रौद्योगिकी बैंक के तहत स्पेशल मेंशन** से सम्मानित किया गया।
- बैंक को क्लाउड नेटिव डेवलपमेंट के लिए **"रेड हैट एपीएसी इनोवेशन अवार्ड 2025"** से सम्मानित किया गया।
- बैंक को क्लाउड टेक्नोलॉजी और इनोवेशन में अपने नेतृत्व के लिए **वीएमवेयर - इंडिया क्लाउड लीडर अवॉर्ड 2025** प्राप्त हुआ।
- इंडियन बैंक को राजभाषा विभाग, गृह मंत्रालय, भारत सरकार द्वारा **"नराकास राजभाषा सम्मान" (तृतीय पुरस्कार - क्षेत्र 'ग')** से सम्मानित किया गया।
- यूपी बैंकिंग लीडरशिप समिट एंड अवाड्र्स 2025 समारोह में श्री ब्रजेश कुमार सिंह, कार्यपालक निदेशक और श्री सुधीर कुमार गुप्ता, मुख्य महाप्रबंधक को क्रमशः **"एक्सिक्यूटिव ऑफ द इयर"** और **"चीफ़ जनरल मैनेजर ऑफ द इयर"** पुरस्कार से सम्मानित किया गया।

**हमारा फोकस**

हमारा ध्येय तीव्र, सरल एवं अधिक विश्वसनीय बैंकिंग अनुभव प्रदान करने हेतु परिचालन दक्षता को बेहतर बनाना है। हमारा लक्ष्य विवेकपूर्ण ऋण एवं अनुशासित पोर्टफोलियो प्रबंधन के माध्यम से मजबूत आस्ति गुणवत्ता बनाए रखना है। हम पारदर्शिता एवं विश्वसनीयता सुनिश्चित करते हुए शासन और विनियामक अनुपालन के उच्चतम मानकों को बनाए रखने हेतु प्रतिबद्ध हैं। मूलतः, व्यापार में वृद्धि ग्राहक-केंद्रित पहलों से आएगी, जिसमें डिजिटल एक्सेस का विस्तार, कासा एवं एमएसएमई प्रस्तावों को सशक्त बनाना एवं बदलती ज़रूरतों को पूरा करने के लिए रिस्पॉन्सिव सर्विस देना शामिल है।